# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2024 (ANNUAL)

## SIL - HINDI (NLH)

Sub. Code - 106

**द्वितीय भारतीय भाषा–हिन्दी**

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**Total No. of Questions :- 100 +6 =106**

**कुल प्रश्नों की संख्या :– 100 + 6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं; जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड–ब में 06 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## <u>खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)</u>

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50X1=50

1. '' तू आ मेरा सिंगार कर तू आ मुझे हसीन कर अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला जमीन पर''– ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) बच्चे की दुआ (B) पीपल

(C) तू जिन्दा है तो .......... (D) सुदामा चरित

2. किस प्रकार के व्यक्ति जीवन मार्ग में आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं और बाधाओं से विचलित नहीं होते ?

(A) धर्मवीर (B) कामचोर

(C) आलसी (D) कर्मवीर

3. ''जो कि हँस–हँस के चबा लेते हैं लोहे का चना।
'है कठिन कुछ भी नहीं' जिनके है जी में यह ठना।।'' इन पंक्तियों के रचयिता कौन है ?

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध (B) विद्यापति

(C) नरोत्तमदास (D) अरूण कमल

4. कवि बिहारी के अनुसार मलिन मन से माला जपने तथा तिलक लगाने से किसकी प्राप्ति संभव नहीं है ?

(A) मानव की (B) ईश्वर की

(C) दानव की (D) इनमें से किसी की नहीं

5. 'सुधि' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) मुकर जाना (B) निकलना

(C) चेतना (D) बिगड़ना

6. 'बच्चे की दुआ– शीर्षक कविता में किस की कामना है कि उनका जीवन अच्छे कार्य के प्रति समर्पित हो और मन सदा कल्याणकारी विचारों से डूबा रहे ?

(A) युवतियों की (B) वृद्धों की

(C) युवकों की (D) बच्चों की

7. 'दुआ' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) प्रार्थना (B) कविता

(C) कव्वाली (D) गीत

8. 'कर्मवीर' शीर्षक कविता कैसे लोगों की बात करती है ?

(A) बातूनी लोगों की (B) कर्मशील लोगों की

(C) कृपण लोगों की (D) बेकार लोगों की

9. जाड़े की रात में पहाड़ पर कौन रो रहा है ?

(A) कुत्ता का बच्चा (B) बकरी का बच्चा

(C) हिरन का बच्चा (D) गाय का बच्चा

10. जंगलों में भी महामंगल कौन रचा देते हैं ?

(A) शेर (B) भालू

(C) बाघ (D) कर्मवीर

11. 'पीपल' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) कविता (B) संस्मरण

(C) यात्रावृतांत (D) कहानी

12. अरुण कमल रचित कविता निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) झाँसी की रानी (B) खुशबू रचते हैं हाथ

(C) राह भटके हिरन के बच्चे को (D) सुदामा चरित

13. 'पीपल' शीर्षक कविता में पंछी और गिलहरियों के घर कहाँ हैं ?

(A) पर्वत पर (B) मकान में

(C) कोटर में (D) दुकान में

14. 'हरिऔध' उपनाम किस रचनाकार का है ?

(A) गोपाल सिंह (B) रामधारी सिंह

(C) फणीश्वर नाथ (D) अयोध्या सिंह उपाध्याय

15. ''मेरा तेरा मनुआँ कैसे इक होई रे ।

मैं कहता हौं ऑखिन देखी, तू कहता कागद की लेखी।'' उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता कौन हैं ?

(A) कबीर (B) बिहारी

(C) रहीम (D) मो० इकबाल

16. 'निर्मोही' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) लोकप्रिय (B) अनुराग न रखने वाला

(C) मोहक (D) सम्पन्न

17. प्रकृति चित्रण से युक्त कविता निम्न में से कौन है ?

(A) तू जिन्दा है तो ......... (B) बच्चे की दुआ

(C) पीपल (D) खुशबू रचते हैं हाथ

18. भारतीय स्वाधीनता संग्राम का अविस्मरणीय अध्याय किस क्रांति को माना जाता है ?

(A) पीली क्रांति (B) श्वेत क्रांति

(C) हरित क्रांति (D) 1857 की क्रांति

19. 'बुझा दीप झाँसी का तब डलहौजी मन में हरषाया, राज्य हड़प करने का उसने यह अच्छा अवसर पाया' इन पंक्तियों के रचयिता कौन हैं ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान (B) शंकर शैलेन्द्र

(C) मो० इकबाल (D) कबीरदास

20. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु कितने वर्ष की उम्र में हुई ?

(A) चौबीस (B) तेईस

(C) छब्बीस (D) सत्ताईस

21. ''गाँठरि काँख में चाँपि रहे तुम, खोलत नहीं सुधा रस भीने, पाछिलि बानि अजौं न तजौ तुम, तैसेई भाभी के तन्दुल कीने।।'' यह किसने किससे कहा ?

(A) राधा ने श्रीकृष्ण से (B) श्रीकृष्ण ने सुदामाजी से

(C) गोपियों ने श्रीकृष्ण से (D) मीरा ने श्रीकृष्ण से

22. 'मदमस्त' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) लीन हो जाना (B) पूर्ण होना

(C) पीड़ा सहना (D) समूह

23. ‘मोको कहाँ ढूंढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में।’’ इस पंक्ति में ‘मोको’ किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(A) परमपिता परमेश्वर के लिए (B) संन्यासी के लिए

(C) संत के लिए (D) गरीब के लिए

24. कौन दूसरों के लिए उदाहरण बन जाते हैं ?

(A) आलसी (B) कर्मवीर

(C) कायर (D) डरपोक

25. निम्नलिखित शीर्षक कविता में नरोत्तमदास की कविता कौन है ?

(A) झाँसी की रानी (B) बच्चे की दुआ

(C) सुदामा चरित (D) खुशबू रचते हैं हाथ

26. निम्न में से कौन कविता बाधाओं से जूझते हुए उन कर्मशील लोगों की बात करती है, जो सभ्यता संस्कृति का निर्माण करते हैं ?

(A) पीपल (B) तू जिन्दा है तो ..........

(C) झाँसी की रानी (D) कर्मवीर

27. ‘कनक’ शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) सोना (B) चाँदी

(C) पीतल (D) ताँबा

28. महमूद के पास कितने पैसे हैं ?

(A) बारह (B) तेरह

(C) चौदह (D) पंद्रह

29. हामिद के पिता की मृत्यु कैसे हुई थी ?

(A) हैजे के कारण (B) पीलिया के कारण

(C) मलेरिया के कारण (D) चेचक के कारण

30. नूरे कौन–सा खिलौना खरीदता है ?

(A) सिपाही (B) वकील

(C) गुजरिया (D) राजा

31. बालगोबिन भगत गले में क्या बाँधे रहते थे ?

(A) फूलों की माला (B) मोतियों की माला

(C) तुलसी की जड़ों की माला (D) हाथी दाँत की माला

32. बालगोबिन भगत के घर से कितनी दूरी पर कबीरपंथी मठ था?

(A) एक कोस (B) दो कोस

(C) तीन कोस (D) चार कोस

33. 'कमली' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) ढका हुआ (B) जलपान

(C) कंबल (D) सुन्दर

34. ''खानों में कोयला और अबरक, जंगल में तरह–तरह की लकड़ी, फूल–फुनगियों पर नाचती तितलियाँ, दर्शनीय नदियाँ, हरीतिमावाले मनमोहक मैदान, मन पर जादू–जैसा असर करनेवाले पर्वत, मस्त निवासी इन सबके साथ यह छोटानागपुर है'' – ये पंक्तियाँ किस पाठ की हैं ?

(A) खेमा (B) ठेस

(C) हुंडरू का जलप्रपात (D) पीपल

35. हुंडरू किस लिए प्रसिद्ध है ?

(A) विभीषिका के लिए
(B) अपनी गंभीरता के लिए
(C) जलप्रपात के लिए
(D) इनमें से कोई नहीं

36. गाँव के किसान सिरचन को क्या समझते हैं ?

(A) बीमार
(B) बेबस
(C) लाचार
(D) बेगार

37. दूध में कोई मिठाई न मिले, कोई बात नहीं किन्तु बात में जरा भी झाल कौन नहीं बरदाश्त कर सकता था ?

(A) सिरचन
(B) करमचन
(C) शिवलोचन
(D) जुगजीतन

38. माँ की दुलारी बहु कौन है ?

(A) बड़ी भाभी
(B) मँझली भाभी
(C) छोटी भाभी
(D) चाची

39. कलिंग में कितने साल से युद्ध हो रहा है ?

(A) तीन साल से
(B) दो साल से
(C) चार साल से
(D) पाँच साल से

40. ''क्यों, सिर क्यों झुका लिया महाराज ? मैं युद्ध चाहती हूँ, केवल युद्ध।'' यह किसने कहा ?

(A) सीमा ने
(B) पद्‌मा ने
(C) रीमा ने
(D) राधा ने

41. 'ईर्ष्या' से जला भुना आदमी चलती–फिरती किसी गठरी के समान है ?

(A) मिठाई की
(B) मधु की

(C) जहर की (D) चीनी की

42. ''आदमी में जो गुण महान समझे जाते हैं, उन्हीं के चलते लोग उससे जलते भी हैं''– यह कथन किसका है ?

(A) कार्ल मार्क्स का (B) फिक्टे का

(C) आइंस्टीन का (D) नीत्से का

43. विक्रमशिला विश्वविद्यालय के पुरातात्विक खनन में साढ़े चार फीट की भूमि स्पर्श मुद्रा में किसकी प्रतिमा प्राप्त हुई है ?

(A) भगवान बुद्ध की (B) भगवान विष्णु की

(C) भगवान कृष्ण की (D) भगवान महावीर की

44. तेरहवीं सदी के आरंभ में तुर्कों के आक्रमण के कारण किसका सर्वनाश हो गया ?

(A) तक्षशिला विश्वविद्यालय (B) विक्रमशिला विश्वविद्यालय

(C) नालंदा विश्वविद्यालय (D) उदांतपुरी विश्वविद्यालय

45. 4 जनवरी, 97 रविवार था और माँ ने क्या बनाई थी ?

(A) खीर (B) फिरनी

(C) चाट (D) पकौड़ा

46. कामिनी–कंचन का त्याग करके कौन गृहस्थाश्रम में ही संन्यासी बने रहे ?

(A) शंकर शैलेन्द्र (B) वंशीधर श्रीवास्तव

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (D) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

47. होटल के पास क्लिनिक होने से सुबह–शाम ज्यादा क्या बिकती थी ?

(A) चाय (B) दूध्

(C) अचार (D) नमक

48. 'खेमा' शीर्षक पाठ में टूटी–सी टेबल पर चाय बनाने के लिए भट्ठी के साथ किस रंग का पंखा लगा हुआ था ?

(A) काला (B) लाल

(C) नीला (D) हरा्

49. रोहतास की गुड़िया पढ़–लिखकर क्या बनना चाहती है ?

(A) नेता (B) वकील

(C) अध्यापिका (D) चिकित्सक

50. कदम स्कूल के बाल संसद की क्या है ?

(A) अध्यक्ष (B) कोषाध्यक्ष

(C) सलाहकार (D) प्रधानमंत्री

51. ''ज़ज़्बा' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) ज़ोश (B) अत्यधिक

(C) सम्मान (D) दृष्टि

52. 1942 ई० में अगस्त क्रांति के दौरान निम्न में से किसने कॉलेज का परित्याग किया ?

(A) विवेकानन्द (B) कर्पूरी ठाकुर

(C) राजा राममोहन राय (D) ईश्वरचंद्र विद्यासागर

53. जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म किस वर्ष हुआ ?

(A) 1921 ई० (B) 1922 ई०

(C) 1923 ई० (D) 1924 ई०

54. वैद्यजी किस सवारी पर अपनी तशरीफ लाए ?

(A) साइकिल से (B) पालकी पर

(C) घोड़े पर (D) हाथी पर

55. 'डॉक्टर चूहानाथ कातरजी की दवा की शीशी कितने की थी ?

(A) पंद्रह आने की (B) दस आने की

(C) अठारह आने की (D) बीस आने की

56. उच्चारण की दृष्टि से स्वर वर्ण के कितने भेद हैं ?

(A) छह (B) चार

(C) दो (D) तीन

57. 'ड' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा (B) कंठ

(C) तालु (D) दंत

58. 'स' कौन व्यंजन है ?

(A) उष्म व्यंजन (B) स्पर्श व्यंजन

(C) अंतःस्थ व्यंजन (D) इनमें से कोई नहीं

59. हिंदी में व्यंजन वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) बत्तीस (B) तैंतीस

(C) इकतीस (D) तीस

60. एक ध्वनि जब दो व्यंजनों से संयुक्त हो जाए, तब वह क्या कहलाती है ?

(A) युग्मक ध्वनि (B) संयुक्त ध्वनि

(C) संपृक्त ध्वनि (D) इनमें से कोई नहीं

61. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं ?

(A) चार (B) तीन

(C) दो (D) पाँच

62. 'महाशय' शब्द का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) महा+आशय (B) म+हाशय

(C) महाश+य (D) मह+आशय

63. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) चरमोत्कर्ष (B) चर्मोत्कर्ष

(C) घनिष्ठ (D) कुशासन

64. निम्न विराम चिह्नों में से योजक चिह्न कौन है ?

(A) ! (B) ,

(C) – (D) ।

65. 'पुस्तक' कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) समूहवाचक

66. 'नागरिकता' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) नपुंसकलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

67. 'आम' कौन शब्द है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशी

68. 'चंचल' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है ?

(A) चंचली (B) चंचलाइन

(C) चंचला (D) चंचिल

69. अधिकरण कारक की विभक्ति चिह्न क्या है ?

(A) का, के (B) ने

(C) हे, अजी (D) में, पर

70. 'राम कलम से लिखता है।' यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण कारक (B) अपादान कारक

(C) संबंध कारक (D) संप्रदान कारक

71. 'सूर्य' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है ?

(A) सूर्याणी (B) सूर्या

(C) सूरा (D) सूर्यी

72. प्रयोग के अनुसार सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच (B) चार

(C) छह (D) तीन

73. 'रोटी मत खाओ, क्योंकि वह जली है।' यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) पुरुषवाचक (B) निश्चयवाचक

(C) अनिश्चयवाचक (D) निजवाचक

74. जो संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए, इसे क्या कहते हैं ?

(A) क्रिया (B) संज्ञा

(C) विशेषण (D) लिंग

75. 'दान' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) दानिन (B) दानिस

(C) दानन (D) दानी

76. 'धार्मिक' शब्द में क्या प्रत्यय है ?

(A) इक (B) क

(C) अ (D) मिक

77. 'तुम्हारा जी ललचाता है'– किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) सकर्मक क्रिया (B) संयुक्त क्रिया

(C) अकर्मक क्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

78. 'उसने श्याम को मारा था।' यह किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्त्तमान काल (B) भविष्यतकाल

(C) भूतकाल (D) इनमें से कोई नहीं

79. निम्नलिखित शब्दों में तत्सम शब्द कौन है ?

(A) भक्त (B) गोबर

(C) घोड़ा (D) पलंग

80. बनावट के विचार से शब्द के कितने प्रकार हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

81. वह शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जोड़ा जाता है, क्या कहलाता है ?

(A) उपसर्ग (B) सर्वनाम

(C) संज्ञा (D) प्रत्यय

82. 'अनमोल' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) अन (B) अ

(C) न (D) अन्

83. 'दर्शनीय' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) य (B) अनीय

(C) नीय (D) अ

84. 'दया' शब्द का विशेषण शब्द क्या होगा ?

(A) दयान (B) दयानी

(C) दयामय (D) दयानु

85. दो पदों के मेल से बने शब्द को कहते हैं –

(A) समास (B) क्रिया

(C) अव्यय (D) संधि

86. 'आमरण' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) द्वंद्व समास

(C) तत्पुरूष समास (D) कर्मधारय समास

87. 'किसी–न–किसी तरह।' यह किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा–पदबंध (B) क्रियाविशेषण–पदबंध

(C) सर्वनाम–पदबंध (D) विशेषण–पदबंध

88. जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

89. 'मैंने खाना खाया और मेरी भूख मिट गई।' यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) आज्ञावाचक वाक्य

90. निम्नलिखित वाक्यों में कौन अशुद्ध वाक्य है ?

(A) बंदूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है।

(B) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।

(C) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।

(D) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

91. 'इंद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) वसन (B) गृह

(C) मधवा (D) धूसर

92. 'अधम' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) उदय (B) अन्त

(C) उत्तम (D) आयात

93. 'नहीं मरनेवाला'– के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) नमर (B) अधर

(C) समर (D) अमर

94. 'पौ बारह होना' मुहाबरे का अर्थ क्या है ?

(A) इज्जत बचाना (B) तंग करना

(C) खूब लाभ होना (D) स्पष्ट कह देना

95. 'घर की मुर्गी दाल बराबर' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?

(A) मुर्गी खाना (B) मुर्गी को दाल खिलाना

(C) अपने आदमी को कम महत्व देना (D) मुर्गी को दाल से तौलना

96. 'आलोचना करनेवाला'– के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) दुर्लभ (B) प्रशंसनीय

(C) प्रत्यक्ष (D) आलोचक

97. 'गंगा' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) भागीरथी (B) अनंत

(C) अंशु (D) अर्चि

98. 'ध्यानमग्न' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुव्रीहि समास (B) द्वंद्व समास

(C) तत्पुरूष समास (D) कर्मधारय समास

99. 'अग्रज' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) सुगम (B) अरूचि

(C) अगम (D) अनुज

100. 'उपर्युक्त' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) उप+र्युक्त (B) उपर+उक्त

(C) उपरि+उक्त (D) उपर्यु+क्त

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है । 5 X 2 = 10

(क) महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को सतारा महाराष्ट्र में हुआ था। इनका परिवार बेहद गरीब था। ज्योतिबा जब मात्र एक वर्ष के थे, तभी उनकी माता का निधन हो गया था। इनका लालन–पालन सगुनाबाई नामक दाई ने किया। सगुनाबाई ने इन्हें माँ की ममता और दुलार दिया। 7 वर्ष की आयु में इन्हें स्कूल में पढ़ने भेजा गया। जातिगत भेदभाव के कारण इन्हें विद्यालय छोड़ना पड़ा। सगुनाबाई ने बालक ज्योतिबा को घर पर ही पढ़ने में मदद की। ज्योतिबा पास–पड़ोस के बुजुर्गों से विभिन्न विषयों पर चर्चा करते थे। लोग इनकी तर्क संगत बातों से काफी प्रभावित होते थे। इनका सबसे महत्वपूर्ण कार्य महिलाओं की शिक्षा के लिए था।

(i) महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(ii) ज्योतिबा फुले को कितने वर्ष की आयु में स्कूल भेजा गया था ?

(iii) ज्योतिबा फुले कितने वर्ष के थे जब उनकी माता का निधन हुआ ?

(iv) ज्योतिबा का लालन–पालन किसने किया ?

(v) इनका महत्त्वपूर्ण कार्य क्या था ?

ख) पूरे विश्व में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। हरिशंकर परसाई जी के व्यंग्य की पंक्ति है कि "दिवस कमजोरों के मनाये जाते हैं, मजबूत लोगों

के नहीं।" सशक्त होने का आशय घर से बाहर निकलकर नौकरी करना या पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चलना भर नहीं है। सशक्त होने का आशय यहाँ पर उसके निर्णय ले सकने की क्षमता पर आधारित है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होना बहुत आवश्यक है। यदि वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं है, तो वह कभी भी सशक्त नहीं हो सकेंगी।

(i) पूरे विश्व में 8 मार्च को क्या मनाया जाता है ?

(ii) हरिशंकर परसाई जी की व्यंग्य की पंक्ति क्या है ?

(iii) सशक्त होने का आशय क्या है ?

(iv) महिलाओं को किस रूप में सशक्त होना बहुत आवश्यक है ?

(v) इस गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें।

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। 5 X 2 = 10

(क) हिन्दी, बहुत खूबसूरत भाषाओं में से एक है। हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो हर किसी को अपना लेती है अर्थात् सरल के लिए बहुत सरल और कठिन के लिए बहुत कठिन बन जाती है। हिन्दी को हर दिन, एक नया रूप, एक नई पहचान देने वाले थे उसके साहित्यकार और लेखक। उन्हीं साहित्यकारों और लेखकों में से एक महान छवि थी मुंशी प्रेमचंद की। इन्होंने हिन्दी भाषा की काया पलट कर दी। वे एक ऐसे लेखक थे जो समय के साथ बदलते गये और हिन्दी साहित्य को आधुनिक रूप प्रदान किये।

(i) हिन्दी कैसी भाषा है ?

(ii) हिन्दी को नया रूप और नई पहचान देने वाले कौन हैं ?

(iii) हिन्दी की कायापलट किस लेखक ने की ?

(iv) प्रेमचंद कैसे लेखक थे ?

(v) साहित्यकारों और लेखकों में किनकी छवि महान थी ?

(ख) संस्कार ही शिक्षा है। शिक्षा इंसान को इंसान बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए पाश्चात्य, शिक्षा प्रणाली को ही उपयुक्त समझा, किन्तु यह विचारधारा हमारी मान्यता के विपरीत है। पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली एकांगी है, उसमें व्यावहारिकता का अभाव है, श्रम के प्रति निष्ठा नहीं है। हमारी शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक जीवन काल की प्रधानता थी। यह शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं, जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए थी।

(i) शिक्षा क्या है ?

(ii) आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का उद्देश्य क्या है ?

(iii) अंग्रेजों ने कैसी शिक्षा को उपयुक्त समझाा ?

(iv) पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली में किसका अभाव है ?

(v) प्राचीन शिक्षा प्रणाली में किसकी प्रधानता थी ?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिये गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखें :– 1x10=10

(क) स्वास्थ्य

(i) परिभाषा (ii) महत्त्व

(iii) उपसंहार

(ख) देशभक्ति

(i) भूमिका (ii) महत्ता

(iii) विश्वबंधुत्व से संबंध (iv) निष्कर्ष

(ग) बकरीद

(i) भूमिका (ii) प्रथा

(iii) सीख (iv) निष्कर्ष

(घ) राष्ट्रीय झंडा

(i) भूमिका (ii) इतिहास

(iii) महत्ता (iv) निष्कर्ष

(ड.) बाढ़

(i) भूमिका (ii) कारण

(iii) दृश्य (iv) हानि

(v) उपसंहार

4. अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पास एक पत्र लिखें, जिसमें अपना इलाज कराने के लिए छुट्टी का निवेदन किया गया हो। 1x5=5

अथवा

मद्य निषेध के विषय पर दो छात्रों के बीच के संवाद को लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग 20–30 शब्दों में दें: 5X2= 10

(i) ‘ईदगाह’ शीर्षक पाठ में मोहसिन को कौन खिलौना पसंद आया और उसकी बनावट कैसी थी ?

(ii) बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब शुरू होती थीं और कब तक चला करती थीं ?

(iii) हुंडरू का झरना कैसे बना है ?

(iv) ईर्ष्या का लाभदायक पक्ष क्या हो सकता है ?

(v) प्रज्ञापारमिता के प्रमुख अंग क्या थे और विक्रमशिला विश्वविद्यालय के क्या उद्देश्य थे ?

(vi) अपने देश की उन्नति के लिए आप क्या—क्या कीजिएगा ? ‘कर्मवीर’ शीर्षक कविता के आधार पर उत्तर दें।

(vii) निम्नलिखित पंक्तियों को पूरा कीजिए :—

मेरा तेरा मनुआँ ......................................................................।

.................................................... तू कहता कागद की लेखी।

(viii) अमीरी और गरीबी की खाई को कैसे पाटा जा सकता है ?

(ix) अपने गाँव वापस आने पर सुदामा जी को क्यों भ्रम हुआ ?

(x) गोपियों ने श्रीकृष्ण की मुरली क्यों छुपाई ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए। (शब्द—सीमा लगभग 100 शब्द) 1X5= 5

(i) भाव स्पष्ट कीजिए :–

"चिंता चिता समान होती है।"

(ii) भाव स्पष्ट कीजिए :–

"गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी।"